## संक्षिप्त खबरें

### गणित ओलम्पपियाड प्रतियोगिता संपन्न



**सुरियावा** 15 नवम्बर 2025 को खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह की देखरेख व डायट प्रवक्ता डा० सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। इस मौके पर एस आर जी विनय शंकर पाण्डेय व एआरपीगण देवेन्द्र कुमार मिश्रा, भाष्करानंद मिश्रा,भैरवानन्द यादव व मनोज प्रभाकर सिंह उपस्थित रहकर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालय से दो दो बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें से कुल दस बच्चों को चयनित किया गया ,जिनकी जिलास्तरीय प्रतियोगिता 20 नवम्बर को डायट ज्ञानपुर में सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा में प्रश्नपत्र का स्तर बच्चों के लिए घुमावदार रहा। परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र के कठिनाई स्तर पर बच्चे आपस में चर्चा करने में मशगूल दिखे। परीक्षा के दौरान नोडल शिक्षक संकुल संजय दूबे व सुनील कुमार दूबे तथा बीआरसी स्टाफ सन्दीप कुमार, सुनील उपाध्यक्ष, दीपक साहू व अजय कुमार पाठक ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

### पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सीखड़, मीरजापुर।** ब्लाक सभागार सीखड़ में पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव तथा पंचायत सहायक को प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षक अभिषेक कुमार एवं आनन्द कुमार ने बताया कि ओ एस आर क्या है। इसके माध्यम से पंचायतों का विकास कैसे किया जाता है। ग्राम पंचायत शासन की सबसे सशक्त इकाई है जिसके विकास के लिए निधि आवश्यक होती है परन्तु केन्द्र व राज्य सरकारों से प्राप्त धनराशि अक्सर निश्चित योजनाओं में बंधी होती है जिससे ग्राम पंचायतों के आवश्यकताओं के कई कार्य अधूरे रह जाते हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि यदि पंचायत अपने स्वयं श्रोतों ओं आर एस से आय अर्जित करें तो स्थानीय जरूरतों के अनूरूप विकास कार्यो को स्वतंत्र रूप से संपादित कर सकती हैं।एडीओं पंचायत ने बताया कि जिन पंचायतों की जनसंख्या पन्द्रह सौ से कम है यदि वे स्वयं के श्रोत से दस हजार तक की आय अर्जित करती है,तो उन्हें पचास हजार तक की प्रोत्साहन धन राशि सरकार द्वारा आत्मनिर्भर पंचायत पुरस्कार योजना के अंतर्गत दी जाती है तथा जो पंचायतें दस हजार से अधिक की स्वयं की आय अर्जित करेगी, उन्हें सरकार उनकी आय का पांच गुना तक प्रोत्साहन धन राशि प्रदान कर रही।

### गड़बड़ा मंदिर की दानपेटिका का ताला तोड़कर हुई चोरी

**माता सीतला धाम ट्रस्ट प्रबंधक ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर किया कार्रवाई का मांग**



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा धाम शीतला मंदिर की दान पेटिका का ताला तोड़कर चोरी होने की बात पर गड़बड़ा शीतला धाम ट्रस्ट के प्रबंधक सुभाष चंद्र शुक्ला ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया की विपक्षी जो कि प्रकाश चंद शुक्ला पीली कोठी शहर मिर्जापुर का रहने वाला है और मंदिर में गलत काम और दर्शनार्थियों से लूट घसूट करता है दिनांक 13- 11- 25 को विपक्षी ने मंदिर गड़बड़ा धाम को दान पेटिका का ताला तोड़कर सुबह 8:00 बजे लगभग ?200000 चोरी से ले लिया है दान पेटी में सोने चांदी का आभूषण भी डाला जाता है इससे चोरी किया गया धन ज्यादा भी हो सकता है प्रार्थी ने इस बारे में पता लगाया तो खिलाड़ी ने कहा है कि हमें हलिया थाने का संरक्षण प्राप्त हुआ है मैं पुलिस विभाग को भी हिस्सा देता हु इससे मंदिर प्रबंधक ने आरोप लगाते हुए बताया कि कहीं ना कहीं शासन प्रशासन की मिली भगत से यह काम हुआ है ऐसे में शासन प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए और इन भ्रष्टाचारियों के उपर कठोर से कठोर कार्रवाई करना चाहिए वही मंदिर प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया है।

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**● 'पांचवां जनजातीय गौरव दिवस' एवं जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर) के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** राष्ट्र के महान स्वतंत्रता सेनानी, लोकनायक एवं आदिवासी नेता धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनपद में अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पांचवें जनजातीय गौरव दिवस तथा जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर) के तहत जनजातीय समग्र विकास पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के लखनऊ से प्रसारित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रतिभागियों ने देखा। जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, उपायुक्त मनरेगा राजाराम तथा उपायुक्त स्व-रोजगार अनुराग राय ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**'बिरसा मुंडा की शौर्यगाथा हर देशवासी को ऊर्जा से भरती है' — जिला विकास अधिकारी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उपायुक्त मनरेगा राजाराम ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान अविस्मरणीय है। बिरसा मुंडा का त्याग और संघर्ष सदैव मार्गदर्शक रहेगा। उपायुक्त स्व-रोजगार अनुराग राय ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अहिंसात्मक तरीकों से ब्रिटिश हुकूमत की नीतियों को चुनौती दी और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।

**जनजातीय गौरव पखवाड़ा: प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियाँ**

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जनजातीय सांस्कृतिक विरासत, वीरता और भारतीय मूल्यों के संरक्षण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वन धन विकास केंद्रों के सदस्यों एवं जनजातीय आर्टीज़नों द्वारा स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। जनजातीय नायकों पर पोस्टर, डिजिटल सामग्री, जनजातीय नृत्य, पारंपरिक कहानी वाचन, कठपुतली कार्यक्रम तथा जनजातीय उद्यमिता आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। सिकलसेल उन्मूलन मिशन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुए। विभिन्न आदि सेवा केंद्रों पर विशेष सभाएँ तथा जनजातीय समुदाय को लक्षित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन/शिलान्यास कार्यक्रम भी सम्मिलित किए गए।

**विद्यालयों में प्रतियोगिताएँ और जनजातीय व्यंजन से परिचय**

जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों–विशेषकर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों–में भगवान बिरसा मुंडा तथा अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और विशेष सभाएँ आयोजित हुई। निबंध, भाषण, चित्रकला, कविता, रंगोली, नाटक तथा नृत्य प्रतियोगिताएँ कराई गई। आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को जनजातीय पाक-विरासत से परिचित कराने हेतु भोजन में एक समय जनजातीय व्यंजन परोसे गए तथा पोषण वाटिकाएँ विकसित करने पर जोर दिया गया।

**शहीद पार्क में श्रद्धांजलि एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ**

ज्ञानपुर स्थित ज्ञानसरोवर शहीद पार्क में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों ने लोकगीतों व नृत्य के माध्यम से बिरसा मुंडा की शौर्यगाथा और जनजातीय गौरव का भावपूर्ण प्रदर्शन किया।

## लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा



**चुनार मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा तहसील चुनार में शनिवार को सभाध्यक्ष इन्द्रेश उपाध्याय के नेतृत्व में लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेन्द्र कुमार सिंह को सौपा। ज्ञापन मे राजस्व लेखपाल के कार्यो की अधिकता ,विशिष्टता और प्रशासनिक महत्व व सेवा मे एक वर्षीय तकनीकी प्रशिक्षण कोर्स उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के आधार पर तकनीकी संवर्ग घोषित घोषित किये जाने, नायब तहसीलदार के पचास प्रतिशत सीधी भर्ती मे पचीस प्रतिशत पद शैक्षणिक व अन्यअर्हता पूर्ण करने वाले लेखपालों के लिए विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु आरक्षित किए जाने, एसीपी विसंगति को दूर किए जाने,भत्तों मे बृद्धि किये जाने सहित अन्य मांग शामिल हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष अजय मिश्रा, मंत्री विक्रम वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह,उत्तम कुमार,मीनल सिंह, शनि वर्मा,सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल सुरियावा में होनहार छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सुरियावा** नगर स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल पुरानी बाजार में बाल दिवस के रूप में मनाए जाने वाले भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के परिसर में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया और उनके कार्यों को याद किया गया इस अवसर पर कक्षा 1 से लेकर के आठ तक के छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक प्राप्त करने वाले को गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कहा कि सफलता तभी मिल सकती है जब कठिन परिश्रम किया जाए कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश यादव ने कहा कि ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के छात्र हमेशा नवोदय से लेकर के प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतर सफल हो रहे हैं और इसके लिए हमारे जितने भी अध्यापक व अध्यापिकाएं हैं पूरी कड़ी मेहनत से छात्र और छात्राओं को पढ़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उन्होंने यहां तक कहा कि किसी भी प्रकार की कमी हम लोग नहीं छोड़ते हैं और पढ़ने के लिए हमेशा मोटिवेट करते रहते हैं यह बच्चे हमारे बाल दिवस का वेट करते हैं जो बच्चा पढ़ाई में मेहनत करता है उसको हम लोग इसी दिन सम्मानित करते हैं जो हमारे यहां परीक्षा कराई जाती है वह बड़े ही पारदर्शी ढंग से कराई जाती है और उसका मूल्यांकन भी अच्छे ढंग से किया जाता है इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकुमार यादव ने कहा कि हम लोग दिखावा कम करते हैं पढ़ाई पर ज्यादा फोकस करते हैं आज जो भी हमारे छात्र चाहे नवोदय हो चाहे अच्छा अंक बोर्ड परीक्षा में लाते हो यह हम लोगों की कड़ी मेहनत का रंग है उन्होंने यहां तक कहा कि जितने भी हमारे शिक्षक गण हैं सभी लोगों का बहुत बड़ा सहयोग हमारे विद्यालय परिवार में रहता है इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश यादव, प्रधानाचार्य शिवकुमार यादव, अध्यापक दुर्गेश कुमार, सत्येंद्र, एनुल, विकास, राजेश, धीरज, पूजा, प्रतिभा उजाला, आंचल, मुस्कान शर्मा और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा मोतियाबिंद के 17 मरीजों का ऑपरेशन महाराज चेत सिंह चिकित्सालय ज्ञानपुर में कराया

**● मरीजों को आज काला चश्मा दवाई और कंबल देकर विदा किया गया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**भदोही** मरीजों को आवश्यक निर्देश और सावधानियां के संबंध में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने आवश्यक जानकारी प्रदान की। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी मरीजों को नेत्र ज्योति प्राप्त हो गई है। मरीजों को बताई गई दवा नियमित रूप से आंखों में डालनी है और सावधानियां जो बताई गई है उनका अनुपालन करना है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी शुक्ला ने कहा कि रेड क्रॉस ने आगे आकर यह जो प्रयास किया है प्रशंसनीय है। मरीजों को आवश्यक निर्देश जो दिए गए हैं उनका पालन करना होगा। जिससे उन्हें अच्छी नेत्र ज्योति प्राप्त हो रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए गए सेवा कार्य से मरीज के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव देखा गया। अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अब यह मरीज सामान्य रूप से देख सकेंगे। रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर भारतेन्दु द्विवेदी ने बताया कि कम्बल, दवा और चश्मे के साथ मरीजों को प्रदान कर दिया गया है। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस के सदस्य रमेश चंद्र त्रिपाठी, मो इरशाद खान, अरविंद भट्टाचार्य, अभय श्रीवास्तव, आलोक कुमार, कुमार, मनीष, कोषाध्यक्ष हरेन्द्र प्रताप सिंह, आदि उपस्थित रहे । हरेंद्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष ने डॉक्टर की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि मरीजों को पुनः नेत्र ज्योति प्राप्त होगी यह हमारे लिए आत्म संतोष की बात है।

## महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता

**● अभियान के अंतर्गत महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही** जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर किया गया जागरुक। इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत 0 महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी और साथ ही महिलाओं से कहा गया कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं।

## बाल दिवस के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



**चुनार मिर्जापुर।** शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर दी ग्लेनहिल स्कूल चुनार में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा द्वारा चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा एवं निर्देशिका सायरा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में एल के जी से कक्षा नौ के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के समन्यवक योगेश गुप्ता एवं प्री प्राइमरी समन्वयक रश्मि शर्मा के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम निर्धारक में नीरज मिश्रा, कमलेश, आनंद अग्रवाल एवं बच्चों के अभिभावक भी शामिल रहे। संचालन गतिविधि प्रभारी इम्तियाज खान, धन्यवाद ज्ञापन समन्यवक योगेश गुप्ता ने दिया।

## शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**● जनमानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**तहसील स्तर पर ही फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण कराये सुनिश्चित-जिलाधिकारी**

**राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर स्थलीय मुआयना कर तैयार करें स्पॉट नोट**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही-** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी भानसिंह, तहसीलदार व तहसील भदोही में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी अरूण गिरि, पुलिस क्षेत्राधिकारी भदोही एवं अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को निस्तारण करने हेतु शिकायतकर्ता से बात करें, मौके पर जाये, स्पष्ट रूप से आख्या लिखे, कागजी खानापूर्ति न करें। शिकायतों को पारदर्शी ढंग से गुणवत्तानुरूण निस्तारण कराये। सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग, पंचायत विभाग, जल निगम, राजस्व विभाग के है।

सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सुशासन आधारित लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्नयन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने तहसील ज्ञानपुर के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण करते हुए सुशासन को स्थापित किया, साथ ही आईजीआरएस में प्राप्त लोक शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाईन ''सर्विस डिलीवरी'' की सेवाओं में वृद्धि किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। कानूनगो व लेखपाल को निर्देशित किया कि जमीन सम्बन्धी मामले में पुलिस टीम के साथ समन्वय व सहयोग बनाते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ ऐसे मामले होते है जो दो या तीन विभागों के मध्य संयुक्त रहता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस एक ऐसा सुअवसर होता है जहा पर एक ही दिन, एक ही निश्चित समय पर सभी जनपदीय अधिकारी उपस्थित होते है। अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुयें ऐसे सभी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनता जनार्दन को अपने तहसील स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस द्वारा शासन त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। तहसील दिवस में आए जनता की समस्याओं का पुलिस व राजस्व अधिकारी संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए न्यायोचित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से तीन दिन के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने जनपद में शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सुशासन को निर्धारित समय सीमा में जनपदवासियों को अच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बातो को गम्भीरता से अवश्य सुने। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर की शिकायतें तहसील स्तर पर ही निस्तारित हो जाये। यदि शिकायते ऊपर के स्तर पर प्राप्त हो रही है तो ये दर्शाता है कि तहसील स्तर पर लापरवाही हुई है। उन्होंने जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने ब्लाक या तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण एसडीएम व सीओ की टीम के साथ समन्वय व सहयोग बनाते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग स्तर पर ही शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि के साथ शिकायत निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि प्राथमिक स्तर पर ही विकास खण्ड कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय व विभागाध्यक्ष द्वारा गुणवत्ता व संतुष्टिपरक समय-सीमा में शिकायतों का निस्तारण कर लिया जाय तो फरियादियों को जिलाधिकारी, मण्डलायुक्त व सीएम पोर्टल पर शिकायत करने की स्थिति ही नही आयेगी।

जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील औराई में कुल 52 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 08 शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों का ससमय व प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी के समक्ष कुल प्राप्त 23 में से 08 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 15 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। तहसील भदोही में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत 24 में से 05 का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष के लिए राजस्व व पुलिस टीम को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार मिर्जापुर।** संपूर्ण समाधान दिवस मे अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेन्द्र कुमार सिंह ने फरियादियों को सुना। तहसील क्षेत्र के विदा पुर निवासी रविन्द्र प्रसाद ने उपजिलाधिकारी चुनार के न्यायिक कार्यालय से एक किता बटवारा मुकदमा मौजा पसीयाही का निस्तारण हो चुका है। वाद संख्या 11812/2021 गिरधारी लाल बनाम राजेन्द्र प्रसाद वगैरह की पत्रावली कई माह से अभी तक नही मिल पायी। भौरही गाँव निवासी किशोरी लाल ने रेलवे ठेकेदार के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा है कि आराजी नंबर 369 रकबा 0.493 हे0 जो रेलवे पटरी से सटा हुआ है का सह काश्तकार है संक्रमणिय भूमिधर मालिक व का विजय है जिसमें से रकबा 0.006 हे0अधिग्रहण हेतु प्रकाशन हुआ था। ठेकेदार द्वारा अधिग्रहित भूमि से अधिक भूमि कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। शेरवा निवासी हृदयनारायन ने ग्रामप्रधान जाफरखानी पुनित, अजीत दूबे आदि पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपरोक्त भू माफिया, दबंग लोग है जो गाँव के तालाब, नवीन परती, कब्रिस्तान , नाली व रास्ते की भूमि कब्जा कर कब्जा कर कृषिकार्य कर रहे है। जबकि कई बार इस बारे मे समाधान दिवस मे शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है वावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। समाधान दिवस मे कुल 63शिकायती प्रार्थना पत्र पडे जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष संबंधित को निर्धारित समय के अन्दर गुणवत्ता व पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण के लिए दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, तहसीलदार इवेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार संजय, कल्पना आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## पंचशील डिग्री कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 194 जोड़ो कि होगी शादी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकास खंड के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 16 नवंबर को हलिया लालगंज छानबे विकास खंड के 194 जोड़ो की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होना प्रस्तावित है जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई है खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की विकास खंड के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हलिया विकास खंड के 64 व लालगंज विकास खंड के 82 व छानबे विकास खंड के 47 जोड़ो की शादी होने के लिए प्रस्तावित है जिसको लेकर तैयारियां पुर्ण है । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या के खाते में 60 हजार रूपये वैवाहिक सामग्री 25 हजार और कार्यक्रम के आयोजन में पंडाल कुर्सी विद्युत व्यवस्था जलपान आदि पर पंद्रह हजार रूपये व्यय किया जायेगा कुल एक लाख रूपये प्रति जोड़ो पर सरकार द्वारा खर्च किया जा रहा है इस संबंध में एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि विकास खंड में आयोजित हलिया लालगंज छानबे के कुल 194 जोड़ो की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए प्रस्तावित है।